# मुर्दा पड़ा सिस्टम, यहां इलाज कराने आएं या मौत का तमाशा देखें

## 1970 का पीएम भवन ढहा, अब अस्पताल में हो रहा पोस्टमार्टम, मरीज जीते-जी सह रहे मौत का मंजर

**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** न्याय की आखिरी सीढ़ी कहे जाने वाला पोस्टमार्टम आज खुद मौत के मुहाने पर खड़ा है संदिग्ध मौत और दुर्घटनाओं की गुत्थी सुलझाने वाला ये वैज्ञानिक साक्ष्य आज गोटेगांव में लाचार हो चुका है जब किसी व्यक्ति की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में या दुर्घटना में होती है, तो सच्चाई तक पहुंचने के लिए पोस्टमार्टम ही एकमात्र सहारा बनता है। यही प्रक्रिया पुलिस को जांच में मदद देती है और पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने का आधार बनती है। इसी महत्व को समझते हुए शासन हर तहसील-जिला में पीएम भवन बनवाता है।

इसी कड़ी में 1970 में गोटेगांव में शांति धाम के पास पीएम भवन का निर्माण कराया गया था। लेकिन विडंबना देखिए, आज खुद उसी भवन का पोस्टमार्टम हो चुका है। भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और संबंधित विभाग के इंजीनियर ने निरीक्षण के बाद इसे डिस्मेंटल घोषित कर दिया है। भवन ध्वस्त होने के बाद अब मजबूरी में नगर के बीचों-बीच स्थित पुराने शासकीय अस्पताल परिसर में बनी मर्चुरी में पोस्टमार्टम किया जा रहा है।



### इससे दो बड़ी समस्याएं खड़ी हो गई हैं

**स्टाफ की मुसीबत:-** पोस्टमार्टम करने वाले कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में काम करना पड़ रहा है।

**मरीजों की परेशानी:-** अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय मरीजों का साफ कहना है कि अस्पताल परिसर के बीच पोस्टमार्टम होना न्यायोचित नहीं है । इससे अस्पताल का माहौल प्रभावित होता है और आने-जाने वाले हर मरीज को मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा पीएम भवन नवनिर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि पहले ही स्वीकृत हो चुकी है। बावजूद इसके आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सवाल उठता है कि राशि स्वीकृत होने के बाद भी फाइलें किस-किस दफ्तर के चक्कर लगा रही हैं? नगरीय प्रशासन और संबंधित विभाग कब इस भवन का निर्माण कराकर क्षेत्रवासियों को इस बुनियादी सुविधा से वंचित रखने की इस बेड़ी को तोड़ेगा। नगरवासियों और अस्पताल आने वाले मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द गोटेगांव में नए पीएम भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि अस्पताल परिसर में हो रही इस अमानवीय स्थिति से आम जनता को राहत मिल सके।

#### इनका कहना है

जी हां यह पोस्टमार्टम



भवन पूरा जर्जर हो चुका है और नवनिर्माण भवन के लिए टेंडर प्रक्रिया भी हो गई है जिसमें 10 लाख रुपए की राशि सांसद निधि से स्वीकृत है और लगभग दो माह बीत गए काम नहीं लगा है हमने संबंधित विभाग अधिकारियों को अवगत करा दिया है जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा क्योंकि सबसे ज्यादा परेशानी हमारे स्टाफ को हो रही है और साथ ही यहां पर आ रहे इलाज कराने मरीजों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है !

**-डॉ. एस एस धुर्वे,**
बीएमओ

# विद्युत विभाग ने नवीन डीपी स्थापना की प्रक्रिया शुरू की

**नवभारत,नरसिंहपुर।** शुक्रवार को चावरपाठा में आयोजित बैठक के पश्चात ग्रामीणों द्वारा विद्युत व्यवस्था एवं मार्गों की सफाई संबंधी समस्याएं प्रमुखता से उठाई गई थीं। इस पर कलेक्टर रजनी सिंह ने संबंधित विभागों को मौके से ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर सिंह के निर्देशों के परिपालन में विद्युत विभाग द्वारा ग्राम में नवीन डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मर) स्थापित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति और अधिक सुचारु एवं बेहतर हो सकेगी। वहीं ग्राम पंचायत चावरपाठा द्वारा गांव के मार्गों की सफाई, जलभराव के कारण रास्तों पर जमी सिल्ट को हटाने तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए जेसीबी से सफाई की गई।

# ट्रांसफर को 15 दिन बीते, रिलीविंग के नाम पर सिर्फ तारीख

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मंत्रियों पर भारी पड़ रहे स्थानीय अधिकारी। लंबी मशक्कत और उठापटक के बाद जैसे तैसे विभाग ट्रांसफर कर पाया परन्तु जिले के अधिकारियों को इतनी भी फुर्सत नहीं है कि विभागीय मंत्री और आयुक्त के आदेशों के परिपालन में स्थानांतरित कर्मचारी को तत्काल रिलीव कर सकें। लगभग सभी विभागों में यही धींगामस्ती चल रही है। परन्तु बात जब शिक्षा विभाग की आती है तो यह मामला काफी संवेदनशील हो जाता है क्योंकि विभागीय मंत्री जिले से ही हैं। आलम यह है कि स्थानांतरण आदेश आए एक पखवाड़ा होने जा रहा है परन्तु विभागीय बड़े साहब लोगों को इस बात की कोई फिक्र ही नहीं है कि निर्धारित समय सीमा में कर्मचारी को कार्यमुक्त कर दिया




जाए। इस लापरवाही से जहां एक ओर कर्मचारी असमंजस में हैं तो दूसरी ओर विभागीय मंत्री को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है कि आप चाहे जो कर लो हम वही करेंगे जो हमें पसंद है। गौरतलब है कि ट्रांसफर के इन दिनों जिला पंचायत नरसिंहपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अर्थात छ्श्वह गजेन्द्र नागेश द्वारा सारे कामकाज बंगले से ही निपटाए जाने के भी बड़े मायने निकाले जा रहे हैं।

### प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

आखिर क्या वजह है कि फाइल पर एक मिनिट में दस्तखत हो सकते हैं उसे लटकाकर रखा जा रहा है और तारीख पर तारीख दी जा रही है। शिक्षा मंत्री महोदय को यह बात समझना भी होगी और समझानी भी होगी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस अनिवार्य करके एक एक मिनिट का हिसाब लिया जा रहा है तो ज्वाइनिंग और रिलीविंग में क्यों हफ्तों का समय लगाया जा रहा है? अधिकारियों को आखिर किस चीज का इंतजार है, किसी नज़राने का या फिर चहेतों को इतना मौका देना कि कोर्ट से स्थगन ले सकें? कारण चाहे जो भी हो, विभागीय मंत्री की नाक के नीचे अधिकारी इतने बेपरवाह हैं तो दूर के जिलों के क्या ही हाल होंगे?

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

**नवभारत,गाडरवारा।** रोटरी क्लब द्वारा रविवार को ग्राम कोठिया में संस्थापक सदस्य रो. डॉ. उमाशंकर दुबे के पूज्य पिता स्वर्गीय बाबूलाल दुबे की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 300 ग्रामीण मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ प्राप्त किया। साथ ही आवश्यकता अनुसार सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

शिविर में स्थानीय चिकित्सक डॉ. स्वाति कुरचनिया, डॉ. अरविंद जैन, डॉ. संगीत जैन, रो. डॉ. उमाशंकर दुबे एवं डॉ. आशुतोष दुबे ने अपनी सेवाएं देते हुए



मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम की विशेषता ग्राम कोठिया के सेवाभावी नागरिकों का सक्रिय सहयोग रहा। ग्रामीणों ने रोटरी क्लब की इस जनसेवा पहल की सराहना करते हुए भविष्य में आयोजित होने वाले बड़े स्वास्थ्य शिविरों में भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। रोटरी क्लब ने ग्रामीणों के सहयोग एवं चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में ऐसे सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# उन्नत बीजों से बढ़ेगी किसानों की समृद्धि की राह

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने और उन्नत खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग नरसिंहपुर एवं शक्ति पूजा एफपीओ, करेली के संयुक्त तत्वावधान में सोयाबीन के उन्नत बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग ने लगभग 200 किसानों को उन्नत गुणवत्ता के सोयाबीन बीज वितरित किए। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों को प्रदर्शन प्लॉट तैयार करने के लिए 30-30 किलोग्राम सोयाबीन बीज उपलब्ध कराए गए, ताकि आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन कर अधिक से अधिक किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित किया जा सके।

## एक नजर में

### साइबर ठग ने खाते से उड़ाए 1.22 लाख

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर निवासी एक युवक के खाते से साइबर ठग ने 1.22 लाख रूपए उड़ा लिए । पुलिस ने बताया कि मोहन यादव 44 वर्ष निवासी दुर्गानगर रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वेयर हाउस में सुपर वाईजर के पद पर कार्यरत है राइट टाउन भंवरताल गार्डन के पास स्थित यूनियन बैंक शाखा में बैंक खाता है बीती रात लगभग 11-20 बजे उसके मोबाइल पर 74 हजार रूपये व 48 हजार 999 रूपये उसके बैंक खाते से कटने का मैसेज आया। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कुल 1 लाख 22 हजार 999 रूपये छलपूर्वक निकाल लिये गये हैं।

### शिक्षिका को शराबी पति ने पीटा, धमकाया

**नवभारत, जबलपुर ।** अधारताल थाना अंतर्गत न्यू कंचनपुर शारदा नगर में एक शराबी पति ने अपनी शिक्षिका पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी बल्कि रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, न्यू कंचनपुर शारदा नगर निवासी मालती शर्मा (52) एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनकी शादी 32 साल पहले सतीश शर्मा के साथ हुई थी और उनकी दो बेटियां हैं। पति सतीश शर्मा अत्यधिक शराब पीने के आदी हैं और घर के खर्चे के लिए पैसे नहीं देता हैं। जब भी घर का खर्च मांगने या घर की जिम्मेदारी उठाने की बात की जाती है, तो वे विवाद करने लगता हैं।

### सेक्स रैकेट: मकान मालिक गिरफ्तार संचालिका समेत 6 गए जेल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत सुहागी सरस्वती कॉलोनी पन्नी मोहल्ला में चल रहे सेक्स रैकेट के मामले में पुलिस ने मकान मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया है । इसके साथ ही संचालिका और उसके पति, पुत्र, तीन ग्राहकों को गिरफ्तार करने के बाद शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि सुहागी सरस्वती कॉलोनी पन्नी मोहल्ला में निमेष विनोदिया के मकान में बीते चार साल से देह व्यापार संचालित हो रहा था । पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संचालिका मंजू निखर 41 वर्ष और उसके पति मुकेश निखर एवं पुत्र आरूष निखर समेत ग्राहक अभय सिंह, सुबोध सिंह, संजय चौरसिया को भी पकड़ा गया था ।

# जिले की बेटी के सपनों को मिला पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का सहारा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जनसेवा को अपनी प्राथमिकता मानने वाले पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने एक बार फिर संवेदनशील पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की दो बेटियों की शिक्षा का संपूर्ण दायित्व उठाने का निर्णय लिया। उनकी इस पहल की जिलेभर में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर निवासी छात्रा रंजना अपने परिजनों के साथ पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल से मिलने पहुंची इस दौरान बिटिया ने परिवार की आर्थिक स्थिति और पढ़ाई जारी रखने में आ रही कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया।



छात्रा ने बताया कि उसने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और उसका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का है, लेकिन आर्थिक अभाव उसके सपनों के बीच बड़ी बाधा बन रहा है छात्रा की बात सुनते ही जालम सिंह पटेल ने तत्काल विद्यालय प्रबंधन से चर्चा कर उसकी समस्याओं के समाधान की पहल की। उन्होंने न केवल रंजना, बल्कि उसकी बहन की शिक्षा का पूरा खर्च स्वयं वहन करने का आश्वासन दिया। साथ ही छात्रा को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर मेहनत करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आर्थिक चिंता से मुक्त होकर पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति कभी भी उनके सपनों में बाधा नहीं बननी चाहिए। समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि वे जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करें, क्योंकि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य का सबसे मजबूत आधार है विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि छात्रा की प्रतिभा और परिस्थितियों को देखते हुए पूर्व राज्यमंत्री ने तत्काल दोनों बहनों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेने का निर्णय किया। उन्होंने दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगे चलकर अपने परिवार, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# शहनाइयां थमीं, विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर लगा ब्रेक

- देवशयनी एकादशी और गुरु पूर्णिमा महोत्सव
- कर्क संक्रांति और सूर्य दक्षिणायन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा बुधवार को देव गुरु बृहस्पति के अस्त के तीन दिन पूर्व गुरु के वार्धक्य दोष के कारण विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया है। चातुर्मास के बाद देव उठनी एकादशी से फिर विवाहों का सिलसिला प्रारंभ होगा। आषाढ़ मास की अमावस्या इस बार मंगलवार को रहेगी। आषाढ़ के महीने में इस बार पांच मंगलवार का योग बना हुआ है। यह अमावस्या हलहारिणी अमावस्या के रूप में मनाई जाती है। कृषि प्रधान क्षेत्रों में इस अमावस्या को कृषक अपने कृषि उपकरणों का पूजन करते हैं।यह अमावस्या पितरों की अक्षय तृप्ति के लिए तर्पण श्राद्धआदि के लिए उत्तम मानी जाती है। आत्म चिंतन ध्यान जप साधना के साथ कर्ज मुक्ति के लिए किये गये प्रयोग भी इस दिन सार्थक होते हैं। इसी महीने 16 जुलाई को सूर्य के कर्क राशि में प्रवेश के साथ सूर्य का अयन परिवर्तन होकर सूर्य दक्षिणायन हो जायेंगे। हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एक वर्ष के देवताओं के अहोरात्र में देवताओं की रात्रि का प्रारंभ हो जाएगा। जल तत्व वाली कर्क राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ मानसून सक्रिय हो जाता है ॠतु परिवर्तन के साथ स्वास्थ्य और कृषि की दृष्टि से भी यह समय परिवर्तनशील होता है। कर्क की संक्रांति में पवित्र नदियों में स्नान तर्पण सूर्य अर्घ्य जरूरतमंदों को अन्न वस्त्र छाता जूता आदि का दान करना लाभदायक होता है। हमारी परंपरागत जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा आषाढ़ शुक्लपक्ष द्वितीया गुरुवार को होगी इस दिन भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए मंदिर के गर्भ-गृह से बाहर आते हैं। यह भव्य यात्रा जाति वर्ग और सामाजिक भेदभाव को मिटाकर मानवीय एकता समानता समरसता के साथ ईश्वर की सर्व सुलभता का प्रतीक है।यह यात्रा आत्म कल्याण और मोक्ष की यात्रा मानी जाती है धार्मिक लाभ के लिए लाखों श्रद्धालु रथ यात्रा का दर्शन करने जगन्नाथ पुरी जाते हैं। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी देवशयनी एकादशी के नाम से जानी जाती है।इस दिन से चार माह तक भगवान विष्णु का योगनिद्रा में शयन माना जाता है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा व्यास पूजा गुरु पूर्णिमा महोत्सव के रूप में मनाई जाती है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ मास का बड़ा महत्व है।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण 11 हजार से अधिक पशुपालक होंगे लाभान्वित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' का तृतीय चरण 13 जुलाई से जिले में प्रारंभ होगा।

अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस अभियान को जिले में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. सुनील कुमार बृजपुरिया ने अभियान के संदर्भ में प्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह, रामसनेही पाठक, कलेक्टर रजनी सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश से भेंट कर विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ. बृजपुरिया ने उन्हें पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री लखन सिंह पटेल का क्षीरधारा ग्राम योजना से संबंधित पत्र भी सौंपा तथा अभियान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

# अनुसूचित जनजाति मोर्चा के आगमन को लेकर बैठक आयोजित

- कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं
- कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियों का विभाजन किया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के प्रथम नगर आगमन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियों का विभाजन किया




गया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे संगठनात्मक गतिविधियों और डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर सकें बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और अनुशासित कार्यशैली से होती है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया उक्त बैठक में मोर्चा जिला प्रभारी गुरुप्रसाद धुर्वे,भाजपा जिला मंत्री दुर्गेश नंदनी उइके अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकुमार ठाकुर सहित मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंजीनियरिंग छोड़ चुनी खेती की राह, आज हजारों किसानों के लिए बने प्रेरणा


**नवभारत,नरसिंहपुर।** दृढ़ संकल्प, नवाचार और अपनी मिट्टी पर विश्वास हो तो खेती भी समृद्धि और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन सकती है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं चीचली विकासखंड की ग्राम पंचायत पुआरिया के युवा दंपति श्री कुलदीप कौरव एवं श्रीमती शिवानी कौरव, जिन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से सफलता की नई इबारत लिखी है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़कर खेती को अपना भविष्य बनाने का उनका फैसला आसान नहीं था, लेकिन आज यही निर्णय उन्हें न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना चुका है, बल्कि वे जिले के किसानों के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण भी बन गए हैं। कुलदीप कौरव ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की थी, लेकिन उनका मन हमेशा खेत-खलिहानों और गांव की मिट्टी में ही रमता था। उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए पढ़ाई छोड़ दी और खेती को अपना जीवन बना लिया। इस सफर में उनकी पत्नी शिवानी कौरव हर कदम पर उनके साथ रहीं। दोनों ने तय किया कि वे खेती को परंपरागत सीमाओं तक नहीं रखेंगे, बल्कि आधुनिक तकनीकों और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग से इसे लाभकारी बनाएंगे।

शुरुआत में उन्होंने महसूस किया कि रासायनिक खेती की बढ़ती लागत और मिट्टी की घटती उर्वरता किसानों के सामने बड़ी चुनौती है। इसी सोच के साथ उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाया।

**जयंती** | 119वीं जयंती पर खेल स्टेडियम में आयोजन

# हरिविष्णु कामथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि आज

**नवभारत,करेली।** नगर के हरिविष्णु कामथ खेल स्टेडियम में आज 13 जुलाई 2026 को 11 बजे उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि का आयोजन किया जा रहा है। जननेता स्व. श्री हरिविष्णु कामथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सदस्य संविधान निर्मात्री सभा, पूर्व सांसद का जन्म-13 जुलाई 1907 को व अवसान-09 अक्टूबर 1982 को हुआ। स्व. हरिविष्णु कामथ ने लन्दन में उच्च शिक्षा प्राप्त कर 1933 में आई.सी.एस. परीक्षा (वर्तमान आईएएस) उत्तीर्ण की। जिले के डिप्टी कमिश्नर नरसिंहपुर (कलेक्टर) रहते हुए नेताजी सुभाषचंद बोस से त्रिपुरी



अधिवेशन के बाद जब नरसिंहपुर स्टेशन पर मिले तब अंग्रेजी हुकुमत ने इसे बगावत माना तो उन्हौंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया तब उन्हें ने जेल में बन्द कर दिया। नेताजी से आपके आदर्श नेता थे 1941 में युद्ध विरोधी भाषण पर गिरफ्तार हुये। भारत छोड़ो आन्दोलन के सिलसिले में 1942 में उन्हें जबलपुर जेल में रखा गया। सन् 1945 में जेल से रिहा होने पर नेताजी के दल फॉरवर्ड ब्लाक में चले गये। आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू ने संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया डॉ. अम्बेडकर के साथ सहयोग कर संविधान को प्रजांतत्रीय बनाने में योगदान दिया पंडितजी ने अनेक बार कांग्रेस में शामिल करने का प्रयास किया।

स्वाधीनता आंदोलन और आजादी के बाद करेली अनेक बार आये। आप करेली को जिले का राजनीतिक मरकज कहा करते थे।

#### करेली से विशेष लगाव

क्षेत्र जीवन भर उनकी कर्मभूमि रहा। आपका करेली से विशेष लगाव रहा है। सिद्धांतों के चलते सदैव विपक्ष में रहे। फारवर्ड ब्लाक के समाजवादी दलों में विलीनीकरण के बाद प्रजा समाजवादी दल में रहे कांग्रेस की प्रदेश में सरकार होने के बावजूद जबलपुर से खंडवा तक पूरा क्षेत्र प्रजा समाजवादी पार्टी का गढ़ बन गया था बाद में जनता पार्टी के नेता के रूप में राष्ट्रीय कार्य समिति में रहे।

# ई-केवायसी व योजनाओं के पंजीयन के लिए शिविर आज से

- कलेक्टर के निर्देश पर शहरी वार्डों एवं ग्राम
- पंचायतों में होंगे शिविर

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार 13 जुलाई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में 13 जुलाई को नगर पालिका गाडरवारा के भामा वार्ड व हनुमान वार्ड, नगर पालिका नरसिंहपुर के किसानी वार्ड व पाठक वार्ड के लिए सामुदायिक भवन बेलापुरकर वार्ड रिप्टापार कंदेली नरसिंहपुर, नगर पालिका करेली के महात्मा गांधी वार्ड व महेन्द्र वार्ड, नगर पालिका गोटेगांव के गौरा देवी वार्ड व गुरूनानक वार्ड, नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 7 महात्मा गांधी वार्ड व वार्ड क्रमांक 8 सुभाष वार्ड, नगर परिषद चीचली, सालीचौका एवं सांईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 7 व 8 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 13 जुलाई को जिले की जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत चिनकी, देवाकछार, घूरपुर, गोबरगांव व गोंगावरी, जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत चंदपुरा, चीलाचौन खुर्द, चीलाचौन कलां, चौराखेड़ा व देवरीकलां, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत चारगांव कलां, चारगांव खुर्द, छैनाकछार ए, छैनाकछार बी व चीचली, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बेलखेड़ी नर्मदा, भैंसा, भामा, बुडैना व बुधगांव, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत चामचौन, डुंगरिया, गरधा, इमलिया व जमाड़ा और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत बिलगुवां, बिल्हरा, बिल्थारी, बोहारी व चरगुवां में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों के दौरान नागरिकों की ई-केवायसी एवं समग्र ई-केवायसी, डुप्लीकेट, मृतक एवं स्थायी रूप से पलायन कर चुके व्यक्तियों के नाम विलोपित करने की कार्रवाई तथा एक आधार से लिंक एकाधिक समग्र आईडी का निराकरण किया जाएगा।